# सरकार की नियति, नियत और एजैंडा स्पष्ट : मुख्यमंत्री सैनी

## वर्तमान सरकार ने अपने सौ दिन के कार्यकाल में 18 बड़े वायदे पूरे कर जीवन को बनाया आसान

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क


कैथल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी।

**चंडीगढ़/धरणी :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार की नियति, नियत और एजैंडा स्पष्ट है, जिसकी बदौलत प्रदेश में तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं। वर्तमान सरकार ने अपने सौ दिन के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिसने लोगों के जीवन को सुगम करने का काम किया है। मुख्यमंत्री वीरवार को कैथल के सीवन, कलायत व पूंडरी में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने सौ दिन के कार्यकाल में संकल्प पत्र के 18 वायदों को पूरा किया है, वहीं 10 वायदे जल्द ही पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद सभी वायदे पूरे करते हुए काम को तीन गुणा तेजी से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनते ही सभी मेडिकल कॉलेज व पीजीआई में किडनी मरीज को निशुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रदान की है। पट्टेदार किसान परिवारों को मालिकाना हक प्रदान किया है। इसके साथ-साथ 20 साल से पंचायती भूमि पर मकान बनाकर रह रहे लोगों को राहत देते हुए विधानसभा में एक्ट बनाकर उन्हें मालिकाना हक प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि 15 लाख महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। जबकि कांग्रेस की हिमाचल में सरकार आए ढाई साल हो गए हैं, वहां कांग्रेस ने आज तक भी महिलाओं को 1500 रुपए व 500 रुपए में गैस सिलैंडर के अपने वायदे को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पहला प्रदेश है, जहां किसानों की सभी फसलों को शत-प्रतिशत एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास धन की कमी नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में तीन गुणा गति से विकास कार्य करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा पर आरोप लगाया कि यमुना में जहर मिलाकर भेज दिया।

उन्होंने दिल्ली के लोगों से कहा कि हरियाणा के लोग ऐसा काम नहीं कर सकते। हरियाणा के लोग स्वयं जहर पीकर दूसरे को अमृत पिलाने का काम करते हैं। वे स्वयं यमुना में गए और पानी पीया। यमुना माता व दिल्ली की जनता ने झूठ फैलाने वालों का सूपड़ा साफ कर दिया। मुख्यमंत्री सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ट्वीट मास्टर हो गए हैं।

# सफाई मित्रों की निगम में भर्ती सहित दो दर्जन संकल्पों पर काम करेगी भाजपा

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सामने रखी संकल्प पत्र की प्रमुख बातें



प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली उम्मीदवारों के साथ संकल्प पत्र जारी करते हुए।

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

**चंडीगढ़/चंद्र शेखर धरणी :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने ट्रिपल इंजन सरकार बनने के बाद नगरों में तेज गति से विकास होने का दावा किया। फरीदाबाद में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने फरीदाबाद नगर निगम के लिए तैयार किए गए संकल्प पत्र की प्रमुख बातें रखी। बड़ौली ने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र फरीदाबाद के नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला और जनभावनाओं के अनुसार तैयार किया गया संकल्प पत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर व्यक्ति के लिए न्याय करने वाली सरकार है। इस मौके पर संकल्प पत्र कमेटी के चेयरमैन एवं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल भी मौजूद रहे।

बड़ौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संकल्प पत्र के एक-एक वादों को गारंटी के साथ पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य मानसून से पहले गड्ढों को भरना है ताकि जलभराव से बचा जा सके। मेवला-महाराजपुर अंडरपास, ओल्ड फरीदाबाद अंडरपास और ग्रीनफील्ड अंडरपास जैसी मुख्य सड़कों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्री बड़ौली ने कहा कि हम हर गली उन्नत गली योजना शुरू करेंगे जिसके तहत जवाहर कॉलोनी, सारन, पावित्य कॉलोनी, पाली रोड, बड़खल गांव, अंखिर गांव, एसजीएम नगर और संजय कॉलोनी जैसे मार्गों पर सड़क रखरखाव और जल निकासी प्रणाली की सफाई पर खास ध्यान दिया जाएगा।


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सीवर सुधार अभियान के तहत पूरे शहर के प्रमुख इलाकों के सीवरेज की साल में दो बार सफाई, गोंछी ड्रेन की सफाई प्राथमिकता के आधार पर एक निश्चित समय सीमा के तहत की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ग्रेटर फरीदाबाद के सैक्टर 78, 79, 81, 82, 83, 84, 85, 86 और 87 की ऊंची इमारतों को मुख्य सीवर लाइन से जोड़ेगा, जिससे वर्षों से लंबित बुनियादी ढांचे की समस्या हल हो जाएगी।

पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि ''निर्मल फरीदाबाद अभियान'' चलाकर कचरा निपटान प्रणाली को तत्काल और दीर्घकालिक सुधारों के माध्यम से सशक्त किया जाएगा, जिससे फ़रीदाबाद नगर निगम को क्लीन-टाउन, ग्रीन-टाउन में बदलने के सपने को पूरा कर सकेंगे। पूरे शहर में 90 दिनों के भीतर खुले स्थानों में जमे कचरे को हटाया जाएगा और क्षेत्र को साफ-सुथरा करेंगे। उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों के लिए नगर निगम में स्वीकृत पदों को नियमित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से भरा जाएगा। राज्य सरकार के साथ मिलकर नए कचरा संग्रहण टेंडरों की मंजूरी सुनिश्चित की जाएगी और पिछले ठेकेदार से संबंधित विवादों का समाधान किया जाएगा। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सेवाओं का विस्तार भी किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्रों में सीसीटीवी के तहत निगरानी बढ़ाई जाएगी। डबुआ कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, बड़खल गांव, फतेहपुर चंदीला, बसेलवा कॉलोनी पर विशेष फोकस रहेगा। पूरे नगर निगम क्षेत्र में हर महीने एंटी-पेस्ट फॉगिंग करवाएंगे ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता बनी रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रमुख बाजारों के पास बहुमंजिला कार पार्किंग का निर्माण, पार्कों में सौर-ऊर्जा वाले ट्यूबवेल स्थापित करेंगे ताकि हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिले और जल आपूर्ति सुनिश्चित हो। प्रैसवार्ता में निकाय चुनाव संकल्प समिति के चेयरमैन एवं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी, खाद्य मंत्री राजेश नागर, विधायक सतीश फागना, विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा, भाजपा जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, भाजपा ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व विधायक नरेन्द्र गुप्ता, अनुसाशन समिति की प्रदेश अध्यक्ष नीरा तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा, राजीव जेटली, जिला मिडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, राज मदान, आभाष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# हिमाचल सरकार और क्रैक एकैडमी की साझेदारी

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क



**चंडीगढ़/चंद्र शेखर धरणी :** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्यभर के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और करियर मार्गदर्शन देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। शिक्षा विभाग अप्रैल 2025 के मध्य में क्रैक एकेडमी के साथ मिलकर एक राज्यस्तरीय प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करेगा। यह परीक्षा स्कूल और कालेज के छात्रों सहित उन युवाओं के लिए भी खुली होगी, जो अपने करियर को संवारना चाहते हैं। सरकार के अनुसार, यह परीक्षा छात्रों को अपनी क्षमताओं को परखने और सही करियर चुनने में मदद करेगी। परीक्षा में सफल छात्रों को क्रैक एकेडमी के विशेष कोर्सों में प्रवेश का अवसर मिलेगा, जिससे वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकेंगे।

पहले भी हो चुकी है सफल साझेदारीयह पहली बार नहीं है जब हिमाचल सरकार और एकेडमी ने मिलकर कोई शैक्षिक पहल की हो। नवंबर 2024 में ?34 करोड़ की छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई थी, जिसके तहत 6,800 छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग दी गई। इसके अलावा, ÷मेरे शहर के 100 रत्न÷ छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को मुफ्त कोचिंग का लाभ मिला। एकेडमी के सीईओ और संस्थापक नीरज कंसल ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा सभी छात्रों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराना रहा है। यह राज्यस्तरीय परीक्षा हिमाचल के युवाओं को सशक्त बनाने का एक बड़ा कदम है, जिससे उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए सही मार्गदर्शन और संसाधन मिलेंगे। वहीं, हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि क्रैक एकेडमी के साथ साझेदारी कर हम प्रदेश के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतरीन तैयारी का अवसर दे रहे हैं। यह पहल युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। यह परीक्षा अप्रैल 2025 के मध्य में आयोजित की जाएगी। तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। छात्रों और नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं को इस परीक्षा का हिस्सा बनने की सलाह दी गई है, जिससे वे अपने करियर को नई दिशा दे सकें।

# ब्रह्मनाद ध्यान का ऑनलाइन से करवाया प्रयोग



**कुरुक्षेत्र/दुग्गल :** समर्थगुरु धाम मुरथल के आचार्य मां स्मृति ने बहुत ही प्रभावशाली एवं मनमोहक ढंग से सभी साधकों को सकारात्मक भाव के गहरे सूत्र बताते हुए ब्रह्मनाद ध्यान का ऑनलाइन जूम एप के माध्यम से प्रयोग करवाया। हिमाचल एवं भारत देश की सभी जगहों से, मित्रों ने ध्यान एवं सत्संग का आनंद लिया। समर्थगुरु संघ हिमाचल की ओर से हर सप्ताह बुधवार को निशुल्क ध्यान व सत्संग का आयोजन होता है। समर्थगुरू संघ हिमाचल के जोनल कोआर्डिनेटर आचार्य सुरेश मिश्रा एवं मां अनीता ने आचार्य मां स्मृति एवं मित्रों का हार्दिक धन्यवाद किया। समर्थगुरू संघ हिमाचल के स्टेट कोआर्डिनेटर आचार्य कुंजबिहारी ने समर्थगुरु धाम के अगामी प्रोग्रामों के लिए मित्रों को निमंत्रण दिया। सभी साधकों का, स्वामी केतन, स्वामी ऋषभ, मां प्रार्थना और टीम हिमाचल का धन्यवाद किया। ट्विटर के माध्यम से समर्थगुरु धाम संस्थान के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने बताया कि सब की गठरी में वह लाल और माणिक छिपा हुआ है। गोविंद का माणिक। गोविंद का राम रतन धन, लेकिन गिरह खोलना जानते नहीं हैं। गुरु क्या करता है? गिरह कैसे खोला जाए, वह बता देता है।

## एक नजर

### अनिल विज के सिक्योरिटी इंचार्ज गुलाब सिंह इंस्पैक्टर बने



चंडीगढ़/चंद्र शेखर धरणी - हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के सिक्योरिटी इंचार्ज गुलाब सिंह सब-इंस्पैक्ट से इंस्पैक्टर बन गए हैं। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री के सिक्योरिटी इंचार्ज 8 साल से अनिल विज की सिक्योरिटी इंचार्ज हैं। हरियाणा पुलिस मुख्यालय से आदेश प्राप्त होते ही अनिल विज से मिले। मंत्री विज ने दिया उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी ।विज के स्टाफ में खुशी का माहौल है।

### फाऊंडेशन-डे के अवसर पर हवन करवाया




**रादौर/जसवंत :** सहारा इंटरनैशनल स्कूल में वीरवार को फाऊंडेशन-डे के अवसर पर वैदिक हवन का आयोजन किया गया। हवन-यज्ञ में आहुति डालकर विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य व स्कूल की प्रगति के लिए कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल व गीतिका अग्रवाल, उप-प्रधानाचार्य रितु गोगिया, अध्यापकगण और विद्यार्थियों द्वारा एक साथ मंत्रोच्चारण किया गया। अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल ने बताया कि हवन के माध्यम से न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है, बल्कि यह बच्चों में नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच को भी विकसित करता है। हवन विद्यालय में सामूहिक एकता और संस्कारों को प्रदर्शित किया गया। निश्चित रूप से यह वार्षिक परीक्षा में छात्रों को आत्मविश्वास और शांति प्रदान करेगा।

### शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों के लिए रक्त उपलब्ध करवाना


**रादौर/जसवंत :** शहर के जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कालेज की ओर से शनिवार 28 फरवरी को 10वें रक्तदान मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराना और युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर पीजीआई चंडीगढ़ एवं रैडक्रॉस ब्लड बैंक यमुनानगर की मेडिकल टीम मौजूद रहेगी, जो रक्तदाताओं की जांच कर सुरक्षित रक्तदान सुनिश्चित करेगी। रक्तदान करने वाले सभी व्यक्तियों को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। कालेज निदेशक डा. विवेक शर्मा ने कहा कि रक्तदान एक महादान है और यह जीवन बचाने का सबसे बड़ा मानवीय कार्य है। उन्होंने रक्तदान का महत्व बताते हुए कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचाई जा सकती है। नियमित रक्तदान से रक्त संचार बेहतर होता है और हृदय रोगों का खतरा कम होता है।

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया दमखम



**रादौर/जसवंत :** शहर के मुकंदलाल नैशनल कालेज में 54वी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में वीरवार को तीसरे दिन लड़कों की जैवलिन थ्रो, 1500 मीटर दौड़ व लड़कियों की जैवलिन थ्रो, 60 मीटर थ्री लेग दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कॉलेज के डीपी डॉ. महेंद्र सिंह आलमपुर की देखरेख में आयोजित की जा रही खेल प्रतियोगिता में लड़को की 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में आदित्य प्रथम, वंश दूसरे व रोहित तीसरे स्थान पर रहा। वहीं जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में सौरभ कुमार पहले, सौरभ दूसरे व वंश तीसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की 60 मीटर थ्री लेग दौड़ प्रतियोगिता में राखी- शीतल पहले, रजविंदर- स्वाति दूसरे व रितिका-निशा तीसरे स्थान पर रही। वहीं जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में मन्नत पहले, रितिका दूसरे व स्वाति तीसरे स्थान पर रही। डीपी डा. महेंद्र सिंह आलमपुर ने बताया कि प्रतियोगिता में गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक, लंबी व ऊंची कूद, साइकिल रेस, रस्साकस्सी के मुकाबले होगें। लड़के व लड़कियों में प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को बेस्ट एथलीट के अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। विजेताओं को स्वर्ण, कांस्य व रजत पदकों से सम्मानित किया जाएगा। वहीं उन्हें प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। वहीं उन्हे प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे।

### जगजीत सिंह सर्कल हैड से ऑफिस में की मुलाकात



**यमुनानगर/ मेहता :** आल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक पैंशनर्स एंड रिटायरीज़ एसोसिएशन के केंद्रीय संगठन सचिव आर के वोहरा की अगुवाई में चार सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने जगजीत सिंह सर्कल हैड से पंजाब नैशनल बैंक सर्कल ऑफिस करनाल में मुलाकात की। सर्वप्रथम एसोसिएशन ने अपने कुछ साथियों के लम्बित मुद्दों पर चर्चा की जिसके लिए उन्होंने सम्बन्धित विभाग को तुरन्त कार्यवाही करने के लिए आदेश दिए। एसोसिएशन ने आगामी 8 मार्च को अपनी वार्षिक बैठक के साथ अन्तर्राष्ट्रीय महिला शशक्तिकरण दिवस मनाने का निर्णय किया है जिसके मुख्य अतिथि के लिए जगजीत सिंह सर्कल हैड को न्यौता दिया गया और उन्होंने सहर्ष स्वीकृति दे दी। इस मौके पर प्रैसीडैंट चमन लाल कैन्से, वाइस प्रेसिडेंट अनिल प्राशर, सीनियर वाइस प्रैसीडैंट एस पी कंबोज उपस्थित थे।

### कार दुर्घटना में 42 वर्षीय महिला की मौत

**लाडवा/शिव लाल चालिया :** एसके रोड पर कार दुर्घटना में 42 वर्षीय महिला राजबाला पत्नी कर्ण बीर निवासी गांव सुरा की दर्दनाक मौत हो गई। उनके साथ उनकी पुत्र वधू प्रीति भी थी। उन्हीं की शिकायत थाना लाडवा में केस दर्ज किया गया है। एचआर, 02 ए ए 0899 नं. कार पिपली से यमुना नगर जा रही थी कि कार डिवाईडर से टकरा गई और महिला कार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत का शिकार हो गई। आईओ. प्रवेश कुमार एएसआई ने बताया कि कार अनियंत्रित हो कर सड़क पर शिवाला राम कुंडी से चौंक की ओर जा रही थी कि कार की चपेट में आकर महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई।

# नगरपालिका चुनाव : विपक्षी की टांग खींचने में लगे उम्मीदवार

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

**सिवानी मंडी/असीजा :** सिवानी नगरपालिका का चुनाव में केवल 1 दिन शेष है ऐसे में अब उ मीदवारों का प्रचार प्रसार भी बंद हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आ रहा है सभी प्रत्याशी अपना अपना जोर लगा रहे हैं।

उम्मीदवार सुबह से शाम तक गली, मुख्य चोक व चौराहों पर विशाल जनसभाओं से अपना दमखम दिखा कर मतदाताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे है । इन चुनाव में सबसे अलग बात यह है कि उ मीदवारों का अपने प्रतिद्वंदी के प्रति आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है चेयरमैन पद के प्रत्याशी के सोशल मिडिया पर ऑडियो व विडियो वायरल हो रहे है विपक्षी को नीचा दिखाने व मतदाता को आकर्षित करने के लिए टांग खींचने में उ मीदवार लगे हुए है जो चुनावी माहौल में जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। एक तरफ सभी उमीदवार मतदाताओं के जोड़ तोड़ का समीकरण बनाने में लगे हुए है, वहीं दूसरी तरफ मतदाता उम्मीदवारों के बनाए समीकरण पर पानी फेरते नजर आ रहे है। उम्मीदवारों के लिए अपने मतदाताओं को समझ पाना मुश्किल हो रहा है। उम्मीदवार को मतदाओं के मत को पाने के लिए मतदाता के नजदीकी मित्र व रिश्तेदारों का सहारा लेना पड़ रहा है। यहां बताना उचित होगा कि इस बार नगरपालिका चुनाव ने मतदाता खुल कर सामने नहीं आ रहा है।


**रूपीक कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड**

45/बी, शुभम कांप्लेक्स, पहला ए मेन, जे पी नगर तीसरा फेज,, बेंगलुरु - 560 078

**सोने की नीलामी की सूचना**

उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणों के संबंध में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी देय राशि का भुगतान न किए जाने के कारण की जाएगी।नीलामी **10/03/2025** को एक ऑनलाइन पोर्टल **https://gold.samil.in** के माध्यम से आयोजित करने का प्रस्ताव है। यदि किसी भी कारण से ऊपर उल्लिखित तिथि पर ई-नीलामी नहीं हो पाती है, तो गिरवी रखे गए आभूषणों की किसी भी या सभी वस्तुओं के संबंध में, रुपीक किसी भी आगामी तारीख/दिनों को बिना किसी सूचना के वस्तुओं की ई-नीलामी/निजी बिक्री आयोजित करेगा

**ऋण की सूची (LOS ID)**

**12008960, 12010475, 12010176, 12010797, 12010708, 12010565, 12009293**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - **1800 419 8000**

अधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज — रूपीक कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय नंबर 201-बी, द्वितीय मंजिल, रोड नं. 1 प्लाट नं. बी3 वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थाने (पश्चिम)- 400604

निम्नलिखित ऋणदाता(ओं) ने आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा(यों) के लिए मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है। ऋण(ों) को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति(ओं) (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर एक नोटिस जारी किया गया था। हालाँकि, यह तामील नहीं हुआ है और इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | ऋणदाता/सह ऋणदाता/ ग्रांटर का नाम/ (ऋण खाता नं.) एवं पता | इनफोसर्ड सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण | सूचना की तिथि पर जैसे भेजी/आउट स्टैंडिंग सूचना की तिथि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रहीमु निशा/कलीमुल्लाह/ (LBKHP 00004949572) रूम नं. 307, तृतीय मंजिल, डी विंग, अरिहंत हिल शिल्पाता, खोपोली, तालुका खालापुर, महाराष्ट्र-रायगढ़-410205 | फ्लैट नं. 307, तृतीय मंजिल, डी बिल्डिंग, अरिहंत हिल्स, मकान नं. डब्ल्यू15जैड3001032, ओल्ड वार्ड नं. 15, न्यू वार्ड नं. 23, सर्वे नं. 17, हिस्सा नं. 1 एवं 2, सिटी सर्वे नं. 2470, गांव मुलगांव बुद्रूक, तालुका खालापुर, नजदीक एचडीएफसी बैंक, महाराष्ट्र, रायगढ़-410203 | जनवरी 17, 2025 रु. 10,61,911.84/- | 08/11/ 2024 |

नोटिस की प्रतिस्थापित तामील के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त ऋणदाता/ों और/ या उनके ग्रांटरों को सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिनों के भीतर-भीतर खड़ी अदायीगियों की (जहां भी लागू हो) हिदायत की जाती है, वरना सुरक्षित इंट्रेस्ट अधिनियम 2002 के वित्तीय सम्पत्तियों और प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण और विनिर्माण के प्रावधानों अनुसार उपरोक्त जारी सूचना अवधि की समाप्ति के पश्चात अगले स्टैप्स लागू होंगे।

तिथि: फरवरी 28, 2025
स्थान: हरियाणा।
भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

JM FINANCIAL
**जे एम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
कॉर्पोरेट परिचय नंबर: U67190MH2007PLC74287
पंजीकृत कार्यालय: 7वीं मंजिल, सेनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई-400025
संपर्क व्यक्ति :1. पंकज कश्यप-9136178689, 2 रोहन सांवत-9833143013 एवं प्रशांत मौंडे-022-6224 1676

**ई-नीलामी बिक्री सूचना-ताज़ा बिक्री**

पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले दीवान हाउसिंग एंड फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने धारा 5 (1) (बी) के तहत सभी अधिकारों, शीर्षक और ब्याज के साथ अंतर्निहित सुरक्षा हित के साथ ऋण का एक पूल (नीचे उल्लिखित ऋणों सहित) सौंपा है। जेएमएफएआरसी (जेएम) के पक्ष में दिनांक 29 मार्च, 2023 ('असाइनमेंट एग्रीमेंट') के एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('सरफेसी अधिनियम') (यहां असाइनी के रूप में संदर्भित) जेएमएफएआरसी-अरण्य-ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य कर रहा है। सूचित किया जाता है कि पीसीएचएफएल को असाइनमेंट/सेवा अनुबंध के माध्यम से सभी परिचालन और प्रक्रिया प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए सेवा प्रदाता/संग्रह एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत और नियुक्त किया गया है।
उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए **SARFAESI अधिनियम, 2002** के तहत सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा यहां जारी उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए, अचल संपत्ति की खरीद के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जैसा कि यहां बताया गया है, जो कब्जे में है, **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है'** और **'जो कुछ है जहां है'** के आधार पर, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

| ऋण कोड/शाखा/ ऋणदाता(ें)/ सह-ऋणदाता(ें)/ग्रांटर(ें) | डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि | अंतिम सम्पत्ति का पता | आरक्षित मूल्य | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (आरपी का 10 प्रतिशत) | बकाया राशि (26.02.2025) |
|---|---|---|---|---|---|
| ऋण कोड नं. 19800041458 दिल्ली-पीतमपुरा (शाखा), विजय अरोड़ा (ऋणदाता), नीरू अरोड़ा (सह ऋणदाता 1) | तिथि 18.10.2023, रु. 70,63,769/- (मात्र सत्तर लाख तिरसठ हजार सात सौ उनहत्तर रुपए) | विस्तारित सम्पत्ति में सभी पीस एवं पार्सल: -फ्लैट नं. टी-8/1301 13वीं मंजिल, लेक साइड हाइट लेक ग्रोव सिटी हरियाणा 131402 जैसे सीमा:- उत्तर-एनए, दक्षिण-एनए-पूर्व-एनए, पश्चिम-एनए | रु. 47,25,000/- (मात्र संतालीस लाख पच्चीस हजार रुपए) | रु. 4,72,500/- (मात्र चार लाख बहत्तर हजार पांच सौ रुपए) | रु. 96,33,358/- (मात्र छियानवे लाख तैंतीस हजार तीन सौ अठावन रुपए) |

ई-नीलामी की तिथि 31.03.2025 अपराह्न 11.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ),
बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 29.03.2025, शाम 4.00 बजे से पहले।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://www.jmfinancialarc.com/Home/Assetsforsale OR https://www.bankauctions.in.** पर दिए गए लिंक का हवाला लें।

**SARFAESI अधिनियम के तहत ऋणदाता/ग्रांटर/बंधक को वैधानिक 30 दिनों की बिक्री की सूचना**
एतद् द्वारा उपरोक्त उल्लिखित ऋणदाता/ग्रांटर/ को धारा 13(2) नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान नीलामी की तिथि से पहले ब्याज के साथ पूर्ण रूप से अर्जित करने के लिए कहा जाता है, जिसमें विफल होने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और शेष राशि यदि कोई हो ऋणदाता/ग्रांटर से ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।
तिथि: फरवरी 28, 2025, स्थान: सोनीपत
हस्ता/- (अधिकृत अधिकारी) (अरण्य ट्रस्ट)

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शॉल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
[नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है ।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार(रों)/ सह-कर्ज़दार(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | कृष्णा देवी (कर्ज़दार), रोशन लाल (सह-कर्ज़दार), सुशील कुमार, (सह-कर्ज़दार), ऋण खाता संख्या TBPNP00006415896, TBPNP00006415897, LBPNP00006445484 | संपत्ति का माप 3 मरला 3 सरसई जिसमें से 10/159 भूमि का माप 2 कनाल 13 मरला खाता संख्या 146, खसरा संख्या 63//3/1/1 मिन (2-13) में शामिल है।, ग्राम मखदुमजदगान, नगर निगम की सीमा के अंदर, जावा कॉलोनी, तहसील और जिला पानीपत, हरियाणा-132103. क्षेत्रफल 100 वर्ग गज (3 मरले और 3 सरसई) | रु. 21,41, 699/- (फरवरी 19, 2025 तक) | रु. 23,00, 000/- / रु. 2,30, 000/- | मार्च 18,2025 को दो. 12:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 07, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट (URL Link-https://disposalhub.com) पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अप्रैल 05, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शॉल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **अप्रैल 05, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **अप्रैल 05, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शॉल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अप्रैल 05, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक** कर्मचारी के फोन नंबर 8657476284/8584874809 पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ऑगियो एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें ।

तिथि : फरवरी 28, 2025
स्थान : पानीपत
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड